कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी,पिथौरागढ़ वन प्रभाग,पिथौरागढ़ ।

E-mail: dfopithoragarh@rediffmail.com , Fax/☎ 05964-225234

पत्रांकः 8056 / 12–1 दिनांक, पिथौरागढ़, 08 जून, 2022 ।

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0,
बेरीनाग ।

विषय :– **जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र गंगोलीहाट में सिनलेख बुंगली मोटर मार्ग के निर्माण कार्य लम्बाई 7.55 किमी0 में पड़ने वाली 3.2 हे0 वन भूमि का लो0नि0वि0 को हस्तांतरण।**

उपरोक्त विषयक मोटर मार्ग प्रस्ताव निरीक्षण उपरान्त प्रस्ताव में कतिपय कमियां पायी गयी हैं, जो कि निम्नवत हैं।

1. प्रस्ताव की संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट में सिविल एवं सोयम वन भूमि 3.2 हे0 उल्लेखित है जबकि लैण्ड शैड्यूल में यह 2.25 हे0 उल्लेखित की गयी है।
2. प्रस्ताव में मलवा निस्तारण हेतु चयनित भूमि की श्रेणी नहीं दर्शायी गयी है और न ही लैण्ड शैड्यूल में इसका उल्लेख किया गया है।
3. परियोजना के निर्माण से प्रभावित होने वाले वृक्षों का सारांश प्रपत्र में वृक्षों की सं0 59 दर्शायी गयी है जबकि **वृक्षों की मूल्य सूची** प्रपत्र में वृक्षों की कुल सं0 59+4 प्रदर्शित है।
4. उक्त मोटर मार्ग की के0एम0एल0 में मार्ग का वैकल्पिक समरेखन प्रदर्शित नहीं किया गया है औन न ही लाभान्वित होने वाले गांव व मक डिस्पोजल पॉईंट्स दर्शाये गये हैं।

अतः उपरोक्त के क्रम में उक्त कमियों का निराकरण करते हुये पुनः प्रस्ताव की हार्ड कॉपी इस कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

प्रभागीय वनाधिकारी,
पिथौरागढ़ वन प्रभाग,पिथौरागढ़।